शनिवार
15 अक्टूबर 2022
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



नदी में समा गए कई घर... 4



## छोटी खबरें

### नवंबर से होगी धान की खरीदी, 2040 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित मूल्य

**पटना।** इस बार बिहार में धान की खरीदी की शुरूआत नवंबर माह से होगी। इसके लिए राज्य सरकार अभी से तैयारी में लग गई है। जानकारी के अनुसार सरकार ने इस बार 45 लाख टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है। नवंबर की पहली तारीख से उत्तर और दक्षिण बिहार में धान की खरीदी होने लगेगी। खरीफ सत्र 2022-23 में ए ग्रेड धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2060 रुपये और साधारण धान के लिए एमएसपी 2040 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। राज्य सरकार बीते साल की तरह ही कुल 8463 पैक्सों के जरिए किसानों से धान खरीद करेगी। धान खरीदी के लिए कृषि विभाग की पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। सरकार को धान बेचने वाले इच्छुक किसान तय समय सीमा के अंदर रजिस्ट्रेशन करा लें। 31 मार्च 2023 तक खरीद की जाएगी।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू, सैनिक स्कूल के लिए नवंबर से

**पटना।** नवोदय विद्यालय समिति ने कक्षा छठीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि जारी कर दी है। इच्छुक विद्यार्थी 15 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसमें मेंटल एब्लिटी टेस्ट, गणित, भाषा की परीक्षा होगी। वहीं सैनिक स्कूल में कक्षा छठीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन नवंबर के पहले सप्ताह से शुरू होगा। इसके लिए अक्टूबर अंतिम सप्ताह में तिथि जारी की जाएगी। सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा ली जाती है। परीक्षा जनवरी 2023 में होगी। छठीं कक्षा में प्रवेश के लिए गणित, इंटेलिजेंस, भाषा, सामान्य ज्ञान की परीक्षा ली जाती है। कुल तीन सौ अंकों की परीक्षा होती है। वहीं नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए कुल चार सौ अंकों की परीक्षा होगी।

# राजद को झटका, एलटीसी घोटाले में दोषी विधायक अनिल सहनी की सदस्यता रद्द

- बिहार विधानसभा सचिवालय ने जारी की अधिसूचना
- सहनी ने बिना यात्रा किए जाली ई-टिकट और फर्जी बोर्डिंग पास के जरिये 23 लाख 71 हजार रुपये की धोखाधड़ी की
- सीबीआई के स्पेशल कोर्ट ने सहनी को दोषी मानते हुए तीन साल की सुनाई है सजा



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुजफ्फरपुर के कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र से आरजेडी विधायक अनिल सहनी की सदस्यता रद्द कर दी गई है। अवकाश एवं यात्रा भत्तो (एलटीसी) घोटाले में दोषी पाए जाने के बाद विधानसभा सचिवालय ने यह कार्रवाई की है। सहनी की विधानसभा सदस्यता रद्द होने से आरजेडी को बड़ा झटका लगा है। बिहार विधानसभा सचिवालय ने शुक्रवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है। इसके मुताबिक, 3 सितंबर 2022 से इनकी सदस्यता समाप्त की गई है। ऐसे में विधानसभा सचिवालय ने कुढ़नी सीट को रिक्त घोषित कर दिया है। सचिवालय ने चुनाव आयोग को आगे की कार्रवाई के लिए पत्र भेज दिया है। इससे अब विधानसभा में आरजेडी के सदस्यों की संख्या 79 से घटकर 78 हो गई है। इससे पहले मोकामा विधायक अनंत सिंह की सदस्यता भी खत्म कर दी गई थी। ऐसे में मोकामा और गोपालगंज के बाद कुढ़नी में भी विधानसभा उपचुनाव होना तय है।

अनिल सहनी जदयू से 2010 से लेकर 2018 तक दो बार बिहार से राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। उन पर आरोप है कि राज्यसभा सांसद रहते उन्होंने बिना कोई यात्रा किए जाली ई-टिकट और फर्जी बोर्डिंग पास के जरिये 23 लाख 71 हजार रुपये की धोखाधड़ी की थी। इस मामले में दिल्ली में सीबीआई के स्पेशल कोर्ट राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें दोषी मानते हुए तीन साल की सजा सुनाई है। दरअसल ये मामला 2013 के उस समय का है, जब अनिल सहनी जदयू से राज्यसभा सांसद थे। एलटीसी घोटाले में सहनी का नाम आने के बाद सीवीसी ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी। जांच के दौरान सीबीआई ने पाया कि अनिल सहनी ने दूसरे लोगों के साथ साजिश के तहत जाली ई-टिकट और फर्जी बोर्डिंग पास बनवाया और उसके सहारे राज्यसभा को 23.71 लाख रुपये का चूना लगाया। जांच में ये भी बातें सामने आई कि अनिल सहनी ने फर्जी टिकट के सहारे अपनी यात्रा दिखायी, जबकि उन्होंने कोई यात्री ही नहीं की थी। 29 अगस्त को सीबीआई कोर्ट ने अनिल सहनी और एयर एंडिया के दो पूर्व अधिकारियों को दोषी करार दिया। सजा के साथ-साथ तीनों पर संयुक्त रूप से 3 लाख 25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।

**निषाद समाज के कद्दावर नेता महेंद्र सहनी के बेटे हैं अनिलः** अनिल सहनी उत्तर बिहार के कद्दावर निषाद समाज के नेता महेंद्र सहनी के बेटे हैं। महेंद्र सहनी खुद भी राज्यसभा सांसद थे। उनकी मृत्यु के बाद इन्हें राज्यसभा सांसद बनाया गया था। वर्तमान में अनिल सहनी ने आरजेडी का दामन थामा है। कुढ़नी विधानसभा सीट से चुनाव लड़कर उन्होंने बीजेपी से इस सीट को छीन लिया था।

# नीतीश का ऐलान... अब जीवन भर बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे

## मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी और अमित शाह पर साधा निशाना

- समस्तीपुर में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का किया उद्घाटन
- 2014 में भी नीतीश कुमार ने कहा था कि मिट्टी में मिल जाएंगे लेकिन बीजेपी के साथ समझौता नहीं करेंगे



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अब जीवन भर भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। उन्होंने बिना नाम लिए पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि अब अटल-आडवाणी की भाजपा नहीं है। नीतीश कुमार का कहना था कि पहले की भाजपा के लोगों के पास विजन था अब वाले सिर्फ बातें कर रहे हैं। आज कल जो लोग है क्या वो किसी की सुनते हैं?. किसी से बात करते हैं? इनके पहले जो लोग थे वो लोग कितना काम करते थे। आप को हमने बता दिया। अटल जी, आडवाणी जी, जोशी जी ये सब काम करते थे। इनके असली नेता वही लोग थे। हम तो अलग हो गए और आप जान लीजिए कि अब जीवन भर हम उनके साथ नहीं जाएंगे। हम जितने समाजवादी हैं वो सब एक साथ रहेंगे और देश के उत्थान के लिए काम करेंगे। यह पहला मौका नहीं है, जब नीतीश ने इस तरह का ऐलान किया है। इससे पहले 2014 में भी उन्होंने यह बात कही थी कि मिट्टी में मिल जाएंगे लेकिन बीजेपी के साथ समझौता नहीं करेंगे।

मुख्यमंत्री ने ये बातें शुक्रवार को समस्तीपुर में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के उद्घाटन मौके पर कहीं। उन्होंने पिछली बार महागठबंधन टूटने का कारण भी बताया। नीतीश ने कहा कि पिछली बार जब बिहार में महागठबंधन की सरकार थी, भाजपा वालों ने लालू यादव पर झूठे आरोप लगाया था। अब जब फिर से बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी है, तो फिर लालू यादव को फंसाने के लिए साजिश रच रहे हैं।

### घोषणा... मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेजों में एक तिहाई सीटें लड़कियों के लिए होंगी आरक्षित

समस्तीपुर जिले में 66 करोड़ से अधिक की लागत से डॉ.भीमराव आंबेडकर आवासीय स्कूल खुलेगा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि बिहार के मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में एक तिहाई सीटें लड़कियों के लिए आरक्षित होंगी। शुक्रवार को नवनिर्मित इंजीनियरिंग कॉलेज के उद्घाटन के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं व लड़कियों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। सूबे में जितने भी मेडिकल-इंजीनियरिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं, सभी में छात्राओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित होंगी। समस्तीपुर जिले के उजियारपुर और कल्याणपुर प्रखंड में 66 करोड़ से अधिक की लागत से डॉ.भीमराव आंबेडकर आवासीय स्कूल खुलेगा।

## ललन सिंह ने पीएम पर बोला हमला, कहा- वह बहरुपिया हैं

**केटी न्यूज/पटना**

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जुबानी हमला बोला है। उन्होंने पीएम को बहरूपियो की संज्ञा देते हुए उन्हें डुप्लीकेट ओबीसी बताया है। कहा कि वह घूम-घूमकर खुद को पिछड़ा वर्ग का बताते हैं, जबकि वे डुप्लीकेट हैं। ललन सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने कहीं पर भी चाय नहीं बेची, बल्कि वह ढोंग कर रहे हैं। शुक्रवार को जदयू के मिलन समारोह के दौरान ललन सिंह ने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहरूपिया हैं। बहरूपिया जैसे 12 दिन में 12 रूप दिखाता है, मोदी भी ठीक वैसे ही हैं। मगर पिछड़े समाज के लोगों के बीच आकर इनका चेहरा बेनकाब हो गया है। ललन सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने अपनी जाति को पिछड़ा वर्ग में शामिल कर दिया था। इसलिए वे डुप्लीकेट ओबीसी हैं, असली नहीं हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न दलों के नेताओं ने जदयू की सदस्यता ली।

### फ्लैट के नाम पर करोड़ों ठगनेवाला अग्रणी होम का निदेशक गिरफ्तार

**पटना।** फ्लैट के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी मामले में शाहपुर पुलिस ने अग्रणी होम के निदेशक आलोक कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे वाराणसी स्थित एक अपार्टमेंट से पुलिस ने पकड़ा। आरोप है कि उसने पटना और वाराणसी में फ्लैट देने के नाम पर सैकडों लोगों से ठगी की है। पटना में उसके खिलाफ कुल सात मामले दर्ज हैं।

# ललन सिंह के करीबी बिल्डर डब्बू सिंह के 20 ठिकानों पर आयकर का छापा

**केटी न्यूज/बक्सर**



**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के करीबी माने जानेवाले बिहार झारखंड के बड़े बिल्डर डब्बू सिंह के ठिकानों पर शुक्रवार को आयकर टीम ने छापा मारा। जानकारी के मुताबिक डब्बू सिंह के 20 ठिकानों पर आयकर की टीम ने एकसाथ रेड किया है जिनमें होटल भी शामिल हैं।

डब्बू सिंह जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह के काफी करीबी माने जाते हैं। वह जदयू से जुड़े हुए भी हैं। जानकारी के मुताबिक पटेल नगर, राजीव नगर, एग्जीविशन रोड में स्थित ठिकानों पर आईटी टीम नें रेड डाला है। डब्बू सिंह एक बड़े ठेकेदार भी हैं। उनके ठिकानों पर शुक्रवार सुबह-सुबह इनकम टैक्स की टीम छापेमारी करने के लिए पहुंची। बताया जा रहा है कि आईटी की टीम ने ठेकेदार के शिवपुरी और बिक्रम में भी छापेमारी कर रही है । पटना और रांची में उनके कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। बिल्डर का राजनीतिक कनेक्शन भी है। उन पर आय से अधिक संपत्ति का आरोप है। डब्बू सिंह की पटना में गोविंद कंस्ट्रक्शन कंपनी है। पटना के अलावे गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली में भी रेड चल रही है। जदयू के नेता डब्बू सिंह की इस कंपनी में बड़ी हिस्सेदारी है। वहे कंपनी के निदेशक हैं। चर्चा है कि ललन सिंह की मदद से आरोपी डब्बू सिंह को राजनीति में आना चाहते हैं। आयकर की टीम का रेड जारी है। इसके संबंध में टीम में शामिल पदाधिकारी जानकारी देने से परहेज कर रहे हैं।

## एक्शन में तेजस्वी... एनएमसीएच के मेडिकल सुपरिटेंडेंट को किया सस्पेंड

### कार्रवाई से भड़का आईएमए, आज बुलाई आपात बैठक

**केटी न्यूज/पटना**



स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने एनएमसीएच के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. विनोद कुमार सिंह निलंबित कर दिया है। गुरुवार की रात स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने एनएमसीएच का औचक निरीक्षण किया था। उन्होंने वहां कई तरह की अनियमितताएं पाईं। खासकर मरीजों के बेड को लेकर अव्यवस्था थी। डेंगू के मरीजों को सामान्य मरीजों के साथ रखा गया था। यही नहीं कई मरीजों ने भी व्यवस्था को लेकर गंभीर शिकायतें की थी। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने भी गहरी नाराजगी प्रकट की थी। कार्य में लापरवाही, अपने कर्तव्यों का सही से निर्वहन नहीं करने, प्रशासनिक अक्षमता तथा विभागीय निदेशों की अवेहलना करने के कारण मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. विनोद कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। डॉ. विनोद के सस्पेंड होने के बाद आईएमए भड़क गया है और शनिवार को आपात बैठक बुलाई है। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डीएस सिंह ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से डॉक्टरों में भारी आक्रोश है। दरअसल, सरकार अपनी कमियों को छुपाने के लिए डॉक्टरों को प्रताड़ित कर रही है। खुद कटघरे में होने के बावजूद डॉक्टरों पर कार्रवाई करती है। यह हमें स्वीकार्य नहीं।

### अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के साथ ही होगा नगर निकाय चुनाव : तेजस्वी

**पटना।** उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के साथ ही बिहार में नगर निकाय का चुनाव होगा। निकाय चुनाव में अति पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी यह स्पष्ट कर चुके हैं कि अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के साथ निकाय चुनाव होगा। यदि हमलोग बिना आरक्षण का चुनाव करवाना चाहते तो करवा लिये होते। लेकिन ऐसा नहीं है, अति पिछड़ों की हकमारी नहीं होगी। तेजस्वी यादव दिल्ली से लौटने के बाद पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। जगदानंद सिंह की नाराजगी के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह बाबू नाराज नहीं है। उनकी तबीयत खराब है, उन्होंने खुद भी इसे बताया है। फिर इस पर विवाद क्यों? आप जगदानंद बाबू को नहीं समझते हैं। वे पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं। चेहरा दिखाने वालों में से नहीं है। काम करने का उनका अपना तरीका है। वे सारा काम करवा देते हैं और खुद पीछे हो जाते हैं।

# टीबी मुक्त समाज के लिए कोई भी बन सकता है निक्षय मित्र

- सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान बन सकते हैं निक्षय मित्र
- 4,512 टीबी मरीजों में से 65 प्रतिशत से अधिक मरीजों की हो चुकी है सहमति प्राप्त




**केटी न्यूज/बेतिया**

टीबी रोग के उन्मूलन में सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान अपनी मजबूत भागीदारी निभा सकते हैं। इसके लिए सरकार ह्लनिक्षय मित्रह्व बनने का मौका दे रही है। अभियान के तहत निक्षय मित्र बनने वाले व्यक्ति या संस्थान मरीजों को पोषण, डायग्नोस्टिक और रोजगार के स्तर पर मदद कर उनसे सच्ची मित्रता निभा सकते हैं। जिला प्रशासन और जिला यक्ष्मा केंद्र ने अपील की है कि निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की सहायता करने का संकल्प लें। इसके तहत कोई भी सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद कर सकते हैं। पोषण, जांच व रोजगार से जुड़ी मदद कर टीबी मुक्त जिला बनाने में अपना योगदान कर सकते हैं।

**निक्षय मित्र योजना की प्रक्रिया मरीजों की सहमति पर :** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. टीएन प्रसाद ने बताया कि निक्षय मित्र योजना की पूरी प्रक्रिया मरीज की इच्छा और उसकी सहमति पर आधारित है। निक्षय मित्र योजना के तहत सामुदायिक सहयोग प्राप्त करने के लिए इच्छुक जिले के मरीजों से सहमति प्राप्त की जा रही है। मरीजों की सहमति प्राप्त करते हुए उनका डिटेल्स निक्षय पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। जिले में अभी तक निबंधित 4 हजार 512 टीबी मरीजों में से 65 प्रतिशत से अधिक मरीजों की सहमति प्राप्त की जा चुकी है।

**निक्षय मित्र रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर रजिस्ट्रेशन कर योजना से जुड़ सकते हैं :** निक्षय मित्र बनने के लिए सबसे पहले commu»»fitysupport.»»fikshÔy.i»»f पर लॉगिन करना होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान पर क्लिक करें। फिर निक्षय मित्र रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर रजिस्ट्रेशन कर इस अभियान से जुड़ सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद सुविधानुसार निक्षय सहायता के लिए टीबी रोगियों का चयन किया जा सकता है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में टीबी की बीमारी से जुड़ी हर तरह की जानकारी के लिए निक्षय हेल्पलाइन नंबर 1800-11-6666 पर भी संपर्क कर सकते हैं। टीबी बीमारी कैसे होती है, टीबी कितने प्रकार की होती है, टीबी से बचाव, इलाज, दवा संबंधी सभी प्रकार की जानकारी निक्षय हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त कर सकते हैं।

**पोषण, आजीविका के स्तर पर करेंगे मदद :** जिला यक्ष्मा केंद्र के डीपीसी सूर्यनारायण साह व एसटीएस प्रभुनाथ राम ने बताया कि निक्षय मित्र योजना एक तरह से टीबी रोग से पीड़ित लोगों को गोद लेने की योजना है। इस योजना के तहत कोई भी सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान टीबी के मरीज को गोद ले सकता है। इस अभियान के तहत व्यवस्था की गई है कि निक्षय मित्र बनने वाला व्यक्ति या संस्था कम से कम एक वर्ष के लिए और अधिक से अधिक तीन साल के लिए किसी गांव, वार्ड, पंचायत, ब्लॉक या जिले के किसी टीबी रोगी/रोगियों को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण, आजीविका के स्तर पर जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते हैं। लोग सामाजिक दायित्व के तहत निक्षय मित्र योजना से जुड़कर भारत को टीबी मुक्त करने में बड़ा योगदान दे सकते हैं।

## काम में लापरवाही बरतने वाले जगदीशपुर और ओबरा सीओ किए गए निलंबित

**केटी न्यूज/पटना**

काम में लापरवाही बरतने के आरोप में राज्य सरकार ने भोजपुर जिला में गड़हनी के तत्कालीन सह जगदीशपुर (भोजपुर) के सीओ कुमार कुंदन लाल और औरंगाबाद के ओबरा सीओ अमित कुमार को निलंबित कर दिया है।

दो वहीं एक सीओ पर विभागीय कार्यवाही का आदेश जारी करते हुए दो अन्य सीओ का तबादला किया है। इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई हे। दरअसल कुंदन लाल और अमित कुमार के खिलाफ अलग-अलग मामलों में पटना हाईकोर्ट ने निलंबित करने से संबंधित आदेश जारी किया था। ओबरा सीओ के खिलाफ औरंगाबाद डीएम ने भी कई तरह के आरोप लगाते हुए निलंबित करने की अनुशंसा विभाग से की थी।

इसके बाद विभागीय स्तर पर इनके खिलाफ यह कार्रवाई की गयी है। कुंदन कुमार लाल का निलंबन अवधि के दौरान मुख्यालय पटना प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय तथा अमित कुमार का मुख्यालय मगध प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय निर्धारित किया गया है। इसके अलावा पश्चिम चंपारण में बैरिया सह वर्तमान में सहरसा के नौहट्टा सीओ अनिल कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई का आदेश राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जारी किया है।

CMYK

## शहर छोटी खबरें

### नहर में डूबने से ठिकरौर के युवक की मौत

**जहानाबद।** परावन गांव के समीप मुख्य नहर में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के संदर्भ में ग्रामीणों ने बताया कि ठिकरौर गांव निवासी शिवरतन बिंद का पुत्र शंभू बिंद शौच करने के लिए घर से बाहर निकला था इसी बीच परावन गांव के समीप मुख्य नहर मार्ग पर उसका पैर फिसला और वह नहर के गहरे पानी में डूब गया पानी में डूबने से उसकी मौत मौके पर ही हो गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

### शिक्षक के सामने से बाइक ले भागे उच्चके

**सासाराम।** शिक्षक के सामने ही उच्चके उनकी बाइक ले भागे। इस संबंध में बाइक स्वामी भोजपुर जिले के पीरो थाना के जमुआंव निवासी देवेन्द्र कुमार राय ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि वर्तमान में उत्क्रमित हाईस्कूल छपरा अकोढ़ीगोला में कार्यरत हूं। 23 सितंबर को जरूरी काम से सासाराम आ रहा था। इस दौरान बाजार समिति के पीछे नहर पुल के पास बाइक खड़ी कर लघुशंका करने लगा। तभी अज्ञात व्यक्ति मेरे सामने ही बाइक लेकर निकल भागा। चिल्लाने पर वह तेजी से बाइक चलाने लगा।

### रिटायर्ड फौजी की करंट के चपेट में आने से मौत

**सासाराम।** धरमपुरा ओपी क्षेत्र के मुजराढ़ गांव में विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से खेत में पटवन करने गए एक 58 वर्षीय रिटायर्ड फौजी की मौत हो गयी। मृतक रामप्रवेश सिंह मुजराढ़ निवासी शिवगोविंद सिंह के पुत्र थे। रामप्रवेश सिंह घर से खेत में जाने के लिए कहकर निकले थे। इसी बीच खेत के समीप स्थित ट्रांसफार्मर से टूटकर गिरे विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से उनकी मौत हो गयी। उधर घटना से अनभिज्ञ घरवाले काफी देर बाद तक उनके घर नहीं लौटने पर चिंतित हो उठे एवं उनकी खोजबीन शुरू की। इसी बीच ग्रामीणों द्वारा उनके शव को खेत मे मृत पाया। तब इसकी सूचना परिजनों एवं पुलिस को दी गयी। उधर रिटायर्ड फौजी रामप्रवेश सिंह की मौत की खबर से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इकलौता पुत्र अजय सिंह एवं उनकी पत्नी का रोरोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उधर घटना की सूचना पर धरमपुरा थानाध्यक्ष ददन राम पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे एवं मामले की जांच शुरू की। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है।

# दो वीर जवानों ने देश के लिए दिया बलिदान, प्रशासन ने परिजनों का किया सम्मान

- डीएम ने दो शहीद जवानों के आश्रितों को दिए 11-11 लाख का दिया चेक दिया

**केटी न्यूज/ रोहतास**





शुक्रवार को रोहतास जिले के डीएम धर्मेंद्र कुमार ने शहीद सैनिकों के परिजन आश्रितों को अनुग्रह राशि के रूप में 11-11 लाख रुपया का भुगतान चेक के द्वारा किया गया। डीएम ने बताया कि सीआरपीएफ के जवान धर्मेन्द्र कुमार सिंह की पत्नी तथा नायक धर्मेन्द्र सिंह की पत्नी ने अनुग्रह राशि को ग्रहण किया। इस दौरान माहौल काफी भावुक था। चेक ग्रहण करते समय शहीद जवान की पत्नी अपनी शहादत को याद कर रो पड़ी।डीएम ने बताया कि शहीद जवान धर्मेंद्र कुमार एवं नायक धर्मेंद्र कुमार सिंह जैसे वीर जवानों पर पूरे रोहतास को गर्व है और देश की सुरक्षा हेतु उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन है।

# सभी प्रारंभिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता कार्यक्रम के तहत होंगी विभिन्न गतिविधियां

## 20 अक्टूबर को कक्षा एक के छात्र व छात्राओं के अभिभावकों के साथ शिक्षक करेंगे संगोष्ठी

### जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता सुधा गुप्ता ने की शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय के निदेशानुसार अपर समाहर्ता सुधा गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शुक्रवार को बुनियादी साक्षरता एवं सांख्या ज्ञान (एफएलएन) मिशन के तहत विद्यालयों में कक्षा एक से तीन तक के बच्चों में वर्ग सापेक्ष दक्षता उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी रौशन आरा ने बताया कि सभी प्रारंभिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्राथमिक कक्षाओं में कक्षा एक के छात्र व छात्राओं के अभिभावकों के साथ दिनांक 20 अक्टूबर को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी सभी विद्यालयों में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य में बुनियादी साक्षरता एवं सांख्या ज्ञान (एफएलएन) मिशन के तहत विद्यालयों में कक्षा एक से तीन तक के बच्चों में वर्ग सापेक्ष दक्षता उपलब्ध कराने हेतु शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी रौशन ने बताया गया कि सभी प्रारंभिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्राथमिक कक्षाओं में कक्षा एक के छात्र व छात्राओं के अभिभावकों के साथ दिनांक 20 अक्टूबर को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी सभी विद्यालयों में आयोजित किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि राज्य में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) मिशन के तहत सभी विद्यालय में कक्षा एक से तीन तक के विद्यार्थियों में वर्ग सापेक्ष उपलब्धि प्राप्त करने हेतु विद्यालय ऑलस्तर पर विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में कक्षा एक के छात्र व छात्राओं के लिए चहक मॉड्यूल के तहत गतिविधियां संचालित की जा रही है। नवाचारी शिक्षण के लिए विद्यालयों को स्कूल किट तथा चिल्ड्रेन किट उपलब्ध कराया जाना है। विद्यालयों में पुस्तकालय हेतु बच्चों के लिए पुस्तकें भी उपलब्ध करायी गयी है, बच्चों के पास अपनी पाठ्यपुस्तकें भी उपलब्ध है। शिक्षकों द्वारा इन सभी शैक्षणिक संसाधनों के समुचित उपयोग से ही हम मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त कर पायेंगे। साथ ही, यह भी आवश्यक है कि इन पूरी प्रक्रिया में विद्यार्थियों के अभिभावकों की एक महत्वपूर्ण प्रतिभागिता होगी।

अपर समाहर्ता ने निदेश दिया कि प्रधानाध्यापकों द्वारा 20 अक्टूबर के पूर्व विद्यालय भवन एवं परिसर की सामान्य साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ हीं, प्रधानाध्यापक द्वारा प्रत्येक छात्र व छात्राओं के अभिभावकों को एक पृष्ठ का हस्तलिखित आमंत्रण पत्र को प्रेषित करेंगे और इस आमंत्रण पत्र को शिक्षक तथा सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों की मदद से तैयार करेंगे। आमंत्रण पत्र पर विद्यार्थी का नाम एवं अभिभावक/माता/पिता का नाम अंकित किया जाएगा। यदि संभव हो तो शिक्षक छात्र/छात्राओं के घर जाकर उनके अभिभावकों को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित भी करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी विद्यालयों में एफएलएन किट एवं चिल्ड्रेन किट तथा चहक की अभ्यास पुस्तिका उपलब्ध करायी गयी है, जिसको पाकर बच्चें काफी उत्साहित देखे गये हैं। साथ हीं विद्यालयों में बच्चों की उपस्थित में काफी सुधार भी पायी जा रही है। बैठक में अपर समाहर्ता के साथ-साथ वरीय उप समाहर्ता रत्णा प्रियदर्शी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान आनंद कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा साकेत रंजन, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के संभाग प्रभारी शिवपूजन ठाकुर, कार्यक्रम सहायक, मो. मोजफ्फर हसन, चहक प्रशिक्षण के प्रशिक्षक -सह- जिला मेंटर अश्विनी कुमार, नोडल, राज्य स्तरीय, एफएलएन सुश्री रेणु कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### विकास नहीं विवाद को सुलझाने में व्यस्त है डुमरांव नगर परिषद कार्यालय

**डुमरांव।** नगर परिषद कार्यालय की व्यस्तता इन दिनों विकास का ताना बाना बुनने में नहीं बल्कि विवाद की साजिशें रचने में लगा है। यहां विकास के बजाय विवाद की फाइलें अधिक है। आरोप नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार पर है। जिसमें भ्रष्टाचार तथा नगरपालिका अधिनियम के विरुद्ध काम करने का गंभीर आरोप है। यह आरोप लगाने वाला कोई और नहीं बल्कि नगर परिषद के ठेकेदार व वार्ड पार्षद है। नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन कमलेश प्रसाद का कहना है कि पिछले छठ पूजा में छठ घाट की सफाई एवं सौंदर्यीकरण के नाम पर 70 लाख रुपए की निकासी गलत ढंग से की गई है। डीएम को दिए गए आवेदन में मामले की जांच कराने की मांग की गई है। जबकि पूर्व चेयरमैन मोहन मिश्र ने कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ अनुमंडल लोक शिकायत व जिला लोक शिकायत के बाद हाईकोर्ट में भी डस्टबिन खरीद व अन्य कई कार्यों में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप के अलावे नगरपालिका अधिनियम के विरुद्ध काम करने का मामला दर्ज कराया है। पूर्व चेयरमैन कमलेश प्रसाद का कहना है कि इस बार भी छठ पूजा के नाम पर बड़े पैमाने पर लूट की तैयारी कर ली गई है। बताया जाता है कि यह मामला भी हाई कोर्ट में दर्ज होने की तैयारी में है। वार्ड पार्षद धीरज कुमार व सोनू राय ने विकास योजनाओं के संचालन में गड़बड़ी तथा भ्रष्टाचार के अलावे सफाई कार्य के लिए एनजीओ को नियम विरुद्ध टेंडर का मामला उठाया है। जिसमें गलत ढंग से कूड़ा डंपिंग तथा एलईडी लाइट मैं भ्रष्टाचार के अलावा सेंट्रल नाला सफाई में भ्रष्टाचार एवं जल जमाव की समस्या पर अनुमंडल लोक शिकायत से लेकर हाईकोर्ट तक लड़ाई चल रही है। वार्ड पार्षद हरिशंकर प्रसाद ने अपने वार्ड में बगैर सफाई किए एनजीओ द्वारा प्रतिमाह मोटी रकम निकासी के अलावे विकास योजनाओं में लूट खसोट का आरोप कार्यपालक पदाधिकारी पर लगाया था। पूर्व उप चेयरमैन चुनमुन प्रसाद वर्मा भी अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं। जबकि नगर परिषद के ठेकेदार जितेंद्र सिंह उर्फ टीपू सिंह सोनू सिंह राजकुमार यादव गुड्डू मिश्रा जैसे लोग कार्यपालक पदाधिकारी के साथ लगातार भ्रष्टाचार तथा नियम विरुद्ध खुरई कार्रवाई के खिलाफ विभिन्न सक्षम न्यायालयों में दौड़ लगा रहे हैं। अनुमंडल लोक शिकायत कार्यालय का कहना है कि एक समय में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ 30 से अधिक मामले चल रहा था। अभी भी आधा दर्जन से अधिक मामले सुनवाई के अधीन है। नगर परिषद कार्यालय का भी मानना है कि विकास से अधिक विभिन्न तरह के विवादों के फाइल टेबल पर पड़े हैं। कार्यालय सूत्रों का कहना है कि कार्यपालक पदाधिकारी के जिद्द पूर्ण रवैया के चलते विवाद के मामले अधिक बढ़े हैं। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार का कहना है कि जहां काम होगा वहां शिकायत होगी ही। इन शिकायतों से स्पष्ट है कि नगर परिषद अपना काम कर रहा है।

# झोलाछाप डॉक्टर की वजह से महिला की गई जान

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिले के मखदुमपुर प्रखंड के नवाबगंज में झोलाछाप डॉक्टर ने एक महिला की जान ले ली है। जानकारी के अनुसार जमालपुर गांव के रामप्रवेश यादव की बहू को प्रसव पीड़ा उठा जिसे घर वालों ने नवाबगंज बाजार स्थित एक प्राइवेट क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया और महिला की तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद महिला की मौत हो गई। वहीं, झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध में ग्रामीणों का आक्रोश फूटा और झोला छाप डॉक्टर के क्लीनिक के बाहर शव को रख कर हंगामा करने लगे। सूचना पाकर मखदुमपुर थाने की पुलिस दल बल के साथ पहुंची और मामले को शांत कराया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि जमालपुर गांव की एक महिला के घर वालों ने प्रसव कराने के उद्देश्य झोलाछाप डॉक्टर के यहां भर्ती करवाया था, जहां झोला छाप डॉक्टर ने महिला का ऑपरेशन कर महिला को प्रसव करवाया। जिसके बाद महिला की तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। वहीं, घर वालों ने महिला को बेहतर इलाज के लिए पटना ले गए। जहां दूसरे दिन ही महिला की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव परिजन पटना से लाकर नवाबगंज बाजार स्थित झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर रख कर हंगामा करने लगे, वही घटना की सूचना पाकर मखदुमपुर थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले को शांत कर पूरे मामले की छानबीन करने लगी। खबर लिखने तक पीड़ित परिवार द्वारा थाने में कोई आवेदन नहीं दिया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा के महिला के परिजनों द्वारा आवेदन देने पर प्राथमिकी दर्ज कर झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# पिता की तबीयत बिगड़ने की खबर सुन बेटे को आया हार्ट अटैक, सदमे में दोनों की गयी जान

**केटी न्यूज/आरा**



24 घंटे के अंदर पिता-पुत्र की मौत से घर में कोहराम, गांव में शोक की लहर

जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौरा गांव निवासी पिता-पुत्र की सदमे में मौत हो गयी। पिता की तबीयत बिगड़ने की खबर सुन पहले बेटे की हार्ट अटैक से मौत हो गयी। उसके बाद बेटे के सदमे में पटना में इलाज करा रहे पिता भी चल बसे। मरने वालों में कौरा गांव निवासी जयराम सिंह (68 वर्ष)और उनके मंझले बेटे उमेश सिंह (44 साल) थे। उमेश सिंह पुणे की एक निजी कंपनी में काम करते थे। इधर, 24 घंटे के अंदर पिता-पुत्र की मौत से घर में कोहराम मचा है, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है। बाप-बेटे की मौत से पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया है। बताया जा रहा है कि जयराम सिंह को पीलिया हुआ था। पेट में ट्यूमर भी था। उसका ऑपरेशन पटना के निजी अस्पताल (निदान) में चल रहा था। इसे लेकर वह दशहर से ही अस्पताल में भर्ती थे। हालांकि सोमवार को ऑपरेशन के बाद उनकी हालत में सुधार होने लगा था। इधर, पिता की तबीयत ज्यादा खराब होने की सूचना से मंझले बेटे उमेश सिंह सदमे में थे। उन्होंने बुधवार की रात परिवार के सदस्यों से फोन पर बात की। उसके बाद देर रात उनकी हालत बिगड़ी और अचानक मौत हो गई। कंपनी की सूचना पर पुलिस द्वारा उमेश सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं, गुरुवार की रात बेटे की मौत की जानकारी नहीं मिली, तो उनकी तबीयत अचानक फिर काफी बिगड़ गयी और हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बेटे की मौत की खबर उनसे छुपायी गयी थी। लेकिन, गुरुवार की रात उन्हें अस्पताल के नर्सों से पता चला गया था। इधर, पूर्व विधायक भाई दिनेश ने पिता-पुत्र की मौत पर गहरी संवेदना जताई है।

# भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री अक्षरा सिंह की झलक पाने के लिए ध्वस्त

**केटी न्यूज/सासाराम**

भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह के भभुआ में आयोजित कार्यक्रम में हजारों फैंस की भीड़ जुटी। भोजपुरी और छठ के गाने सुना करके एक्ट्रेस ने लोगों का मन मोह लिया। लेकिन गाना सुनने व उन्हें देखने के लिए उमड़ी भीड़ को बैरिकेडिंग के पास से हटाने के लिए पुलिस को लाठियां भांजनी पड़ी। हालांकि लाठी चार्ज में कोई व्यक्ति चोटिल नहीं हुए। लेकिन, भागने के दौरान दो-चार लोग गिर गए थे। चहारदीवारी पर खड़े दो युवक भी लाठी के डर से गिर पड़े। हालांकि इनमें से कोई चोटिल नहीं हुए।शुक्रवार को दोपहर एनएच 219 पर भीषण जाम लग गया। भभुआ में भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की एक झलक पाने के लिए फैन की इतनी भीड़ जुटी की पुलिस को काफी मशकत करनी पड़ी। सूत्रों के अनुसार उनके आने का समय 11 बजे निर्धारित था। परन्तु वह दोपहर एक बजे तक भी नहीं पहुंची। इसके कारण भीड़ बढ़ती ही जा रही थी। आयोजक हैप्पी सरावगी ने बताया कि अभी अक्षरा सिंह चंदौली पहुंची हैं। सड़क मार्ग से आ रही हैं। थोड़ी देर में आ जाएंगी। इधर, भीड़ को संभालने में पुलिस के पसीने छूट गए और भीड़ में शामिल लोग शोर मचा रहे थे। लाखों लोगों की भीड़ से शहर का कोना कोना जाम रहा और सड़क पर गाड़ियां चींटी की तरह रेंगती रहीं।

# डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला स्वास्थ्य समिति अलर्ट

- जिले में मिले अब तक 9 डेंगू के मरीज, 2 संदिग्ध
- डेंगू से निपटने के लिए जिले में बनाया गया 20 बेड्स का वार्ड

**केटी न्यूज/सासाराम**




कोरोना संक्रमण थमने के बाद अब डेंगू ने लोगों को डराना शुरू कर दिया है। जिले में डेंगू के मरीज लगातार बढ़ रहे है। ऐस में रोहतास जिला स्वास्थ्य समिति लगातार सतर्कता बरत रही है । साथ ही साथ लोगों को डेंगू से बचाव के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसके लिए जिले में कुल 20 बेड का इमरजेंसी वार्ड बनाया गया है। जिसमें 10 बेड का सासाराम सदर अस्पताल, 5 बेड का डिहरी अनुमंडल अस्पताल एवं 5 बेड बिक्रमगंज अनुमंडल अस्पताल में वार्ड बनाया गया है। इन अस्पतालों में विशेष डेंगू वार्ड बनाए गए हैं, जहां डेंगू से संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जांच के लिए सभी प्रखंड अस्पतालों को दिशा निर्देश दे दिए गए और डेंगू जांच किट भी उपलब्ध करा दिए गए हैं। वहीं, जिले के डेंगू प्रभावित इलाकों में लगातार दवा का भी छिड़काव किया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा भी डेंगू से बचाव के लिए लोगों को लगातार दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर डेंगू जांच कराने के लिए अपील की जा रही है ।जिले में अबतक 9 लोग डेंगू से पीड़ित : जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 9 लोग डेंगू से संक्रमित पाए गए हैं। इसकी जानकारी देते हुए रोहतास एसीएमओ डॉ अशोक कुमार ने बताया कि डेंगू जांच के लिए सभी सरकारी अस्पतालों को एनएस 1 एवं आईजीएम किट उपलब्ध करा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन किटों के माध्यम से जांच में यदि डेंगू पॉजिटिव आया तो वैसे लोगों को संदिग्ध माना जायेगा। पुनः उनका सैम्पल एलिसा एनएस 1 जांच के लिए गया मेडिकल कॉलेज में भेजा जाएगा। यदि वहां पर एलिसा जांच में डेंगू पॉजिटिव आता है तो उसे पूर्ण रूप से डेंगू मरीज माना जाएगा। उन्होंने बताया कि गया मेडिकल कॉलेज में हुई जांच में अब तक 9 लोगों में डेंगू होने की पुष्टि हुई है। जिसमें 6 से 7 लोग ठीक भी हो चुके हैं। वहीं गुरुवार को भी 2 नए डेंगू के संदिग्ध मामले सामने आए हैं जिनका सैम्पल गया भेजा जा चुका है ।घरों में बरतें सावधानीः एसीएमओः एसीएमओ डॉ अशोक कुमार ने बताया कि डेंगू के मरीज रोहतास जिले भी देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में लगातार सावधानी बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में डेंगू जांच का निर्देश दे दिया गया है। साथ ही साथ डेंगू का मरीज मिलने पर तत्काल इलाज शुरू कर दिया जा रहा है। विशेष परिस्थितियों से निपटने के लिए सासाराम सदर अस्पताल के अलावा डिहरी एवं बिक्रमगंज अनुमंडल अस्पताल में अलग से डेंगू वार्ड बनाया गया है। एसीएमओ ने लोगों को सलाह दी कि अपने घरों को अधिक से अधिक साफ सुथरा रखें। खासकर मच्छर पनपने वाले स्थानों पर सफाई का विशेष ध्यान रखें। घर में सोते समय मछरदानी का इस्तेमाल जरूर करें और ऐसे कपड़े का इस्तेमाल करें जिससे हाथ और पैर पूरी तरह से ढका रहे।

## जिले छोटी खबरें

### डेढ़ साल बाद किशोरी बरामद पिता ने दर्ज कराया था केस

**नावानगर।** बसांव कला गांव से डेढ़ वर्ष पूर्व फरार हुई किशोरी को सिकरौल पुलिस ने गुप्त सूचना पर बक्सर रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया है। हालांकि अपहरण का आरोपी पुलिस को चकमा दे भाग निकला है। युवती के गोद में एक दुधमुहां बच्चा भी है। जिसे पुलिस ने कोर्ट में फर्द बयान के बाद रिमांड होम के लिए भेज दिया है। बता दें कि जून 2021 में उक्त युवती अपने घरसे गायब हो गई थी। जिसके बाद उसके पिता ने एक युवक पर शादी की नियत से अपहरण करने का मामला दर्ज कराया था। इधर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बसांव कला से गायब किशोरी दिल्ली से बक्सर स्टेशन आ रही है। इस सूचना पर पुलिस ने उसे बरामद कर लिया। सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### पूर्व जिला पार्षद सहित तीन वारंटी गिरफ्तार

**डुमरांव।** कोरान सराय पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत फरार चल रहे पूर्व जिला पार्षद संजय ततवां समेत कुल तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष जुनैद आलम ने बताया कि पूर्व जिप सदस्य संजय ततवां के साथ ही सुघर डेरा के उपेंद्र सिंह और महिला के राहुल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इनके खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत हुआ था। गुरूवार की रात ही समकालीन अभियान चला तीनों को गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार को तीनों को जेल भेज दिया गया है।

# छोटा परिवार, सुखी परिवार... इस कथन को जीवन में अपनाएं, घर में खुशहाली लाएं

- परिवार-नियोजन साधनों की उपलब्धता बिल्कुल आसान
- जिले की 60.5 प्रतिशत आबादी करती है परिवार नियोजन के साधनों का इस्तेमाल

**केटी न्यूज/बक्सर**

छोटा परिवार, सुखी परिवार, इस कथन को सभी ने सुना है और इसकी महत्ता को भी ज्यादातर लोग समझते हैं। किन्तु फिर भी समुदाय में कुछ लोगों के बीच अपने परिवार को सीमित करने के लिए परिवार नियोजन के साधनों के इस्तेमाल को लेकर उदासीनता स्पष्ट नजर आती है। खासकर पुरुष वर्ग परिवार नियोजन के साधनों के इस्तेमाल को लेकर लापरवाह नजर आता है। यह तथ्य जिला के आंकड़ों से भी स्पष्ट हो जाता है।

**सभी स्वास्थ्य संस्थानों व अस्पतालों में यह साधन आसानी से उपलब्ध :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल भट्ट सिंह ने बताया, जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उपस्वास्थ्य केन्द्रों और जिला अस्पताल में दैनिक गर्भनिरोधक गोली, साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली (छाया), अस्थायी गर्भनिरोधक इंजेक्शन (अंतरा), आपातकालीन गर्भनिरोधक गोली गर्भ जांच किट (निश्चय) जैसे अस्थायी साधन पर्याप्त मात्रा में और निःशुल्क उपलब्ध हैं तथा इच्छुक लाभार्थियों के लिए स्थायी साधन भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा सभी केन्द्रों पर कंडोम बॉक्स लगाकर कंडोम आसानी से उपलब्ध कराये गए हैं और परिवार नियोजन के साधनों के खरीद, भंडारण और वितरण जैसे आंकड़ों की निगरानी के लिए ऑनलाइन फैमिली प्लानिंग लोजिस्टिक मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम (एफएलएमआईएस)



प्रभावकारी साबित हो रहा है।

**जिले की स्थिति एक नजर में:** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण- 5 के अनुसार जिले की 60.5 प्रतिशत आबादी परिवार नियोजन के किसी न किसी साधन का उपयोग करती है। जिला में महिला नसबंदी का प्रतिशत 35.1 है जबकि पुरुष नसबंदी मात्र 0 प्रतिशत है जो पुरुषों के उदासीन रवैय्ये को दशार्ता है। जिले की 2.4 प्रतिशत महिलायें गर्भनिरोधक गोलियों का इस्तेमाल करती हैं। जिले के 3.8 प्रतिशत पुरुष कंडोम का इस्तेमाल कर परिवार नियोजन में अपनी सहभागिता निभाते हैं।

**टोल फ्री नंबर से परिवार नियोजन परामर्श जैसी सेवाएएं भी हैं उपलब्ध :** डॉ. भट्ट ने बताया इन केन्द्रों पर आने वाले लाभार्थियों को परिवार नियोजन संबन्धित तथ्यों, स्थायी- अस्थायी साधनों की उपलब्धता, अंतरा इंजेक्शन के बारे में निःशुल्क जानकारी और उनके लिए उचित परामर्श उपलब्ध करा रहे हैं तथा अस्थायी नियोजन के साधन अपनाने को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसके साथ ही भारत सरकार के टॉल फ्री नंबर (1800116555) के द्वारा भी परिवार नियोजन पर परामर्श और जागरूकता फैलाई जा रही है।

### परिवार नियोजन साधनों के इस्तेमाल के फायदे

- जनसंख्या स्थिरीकरण में सहयोगी
- कई तरह के यौन संक्रामक रोगों से बचाव
- महिलाओं को अनचाहे गर्भ से छुटकारा और शारीरिक स्थिति में सुधार
- छोटे परिवार से आर्थिक स्थिति में सुधार
- स्वस्थ एवं पोषित गर्भावस्था से शिशु और मातृ मृत्यु दर में कमी
- एचआईवी-एड्स के खतरे से बचाव

# बीईओ की कमी का दंश झेल रहे हमारे बच्चे, सवालों के घेरे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

- डुमरांव अनुमंडल के पांच प्रखंडों को चला रहे सिर्फ एक बीईओ
- खुद बीईओ को नहीं पता प्रखंडों में हैं कितने प्राथमिक व मध्य विद्यालय

**केटी न्यूज/ डुमरांव(बक्सर)**



बक्सर जिले में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों की घोर कमी से शिक्षा व्यवस्था बेपटरी हो गई है। जिले के अधिकांश प्रखंडो के बीईओ का काम प्रभार में चल रहा है। जबकि प्रधान सचिव द्वारा शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से हटाने के लिए सभी बीआरपी को उनके मूल विद्यालय में भी भेजा जा चुका है। ऐसे में एक शिक्षा पदाधिकारी जब कई प्रखंडों के प्रभार में चल रहे है तो विभागीय कार्यो की मंथर गति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इसका सबसे बेहतरीन उदाहरण चौगाई के बीईओ सुरेश प्रसाद हैं। जिन्हें अपने प्रखंड के अलावे चार अन्य प्रखंडो के बीईओ का प्रभार ढोना पड़ रहा है। एक साथ पांच प्रखंडों का प्रभार चलाने से उन पर काम का बोझ कितना अधिक हो गया है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्हें खुद यह नहीं मालूम है कि इनके प्रभार में चल रहे सिमरी और ब्रह्मपुर प्रखंडों में कुल कितने प्राथमिक और मध्य विद्यालय हैं। ऐसी स्थिति में न सिर्फ इन प्रखंडों की शिक्षा व्यवस्था राम भरोसे चल रही है बल्कि, स्कूलों का निरीक्षण से लेकर पठन-पाठन का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। सूत्रों की मानें तो इन प्रखंडों में एकाध को छोड़कर ज्यादातर विद्यालयों में दोपहर के बाद न तो कोई छात्र रहते हैं और न ही शिक्षक। ऐसी स्थिति में छात्र-छात्राओं को मिलने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा यहां बिल्कुल बेमानी साबित हो रही हैं।

**पांच प्रखंड और 485 स्कूलों का बोझ ढो रहे बीईओ :** नौकरी के आखिरी पड़ाव पर चल रहे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुरेश प्रसाद का मूल पदस्थापन चौगाईं प्रखंड में है, जहां सिर्फ चालीस प्राथमिक और मध्य विद्यालय हैं। जबकि अतिरिक्त प्रभार में इन के कंधें पर डुमरांव प्रखंड के कुल 136 प्राथमिक और मध्य विद्यालय, ब्रह्मपुर के 122, सिमरी के 156 और चक्की प्रखंड के कुल 31 विद्यालय हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है बीइओ साहब इस उम्र में बाइक भी नहीं चलाते हैं, जिसके सहारे कम से कम सभी प्रखंड मुख्यालयों की देखभाल कर सकें। नतीजतन इन पांचों प्रखंडों में सरकारी स्कूलों की व्यवस्था राम भरोसे चल रही है।

**प्रधान सचिव के आदेश पर सभी बीआरपी की प्रतिनियुक्ति हो चुकी है रद्द :** पहले बीईओ की कमी के बावजूद बीआरसी में तैनात बीआरपी विभागीय कार्यो को बड़ी कुशलता से कर ले रहे थे। लेकिन शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अनुसार शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगाना है। इसके तहत पिछले अगस्त में ही प्रधान सचिव के आदेश पर अनुमंडल के विभिन्न प्रखंड संसाधन केंद्रों में कार्य कर रहे सभी प्रखंड साधन सेवियों की प्रतिनियुक्ति रद्द कर अपने मूल विद्यालय वापस भेज दिया गया है। ऐसी स्थिति में इन प्रखंड संसाधन केंद्रों का संचालन राम भरोसे हो रहा है। जिस बीआरसी में प्रतिनियुक्त तीन शिक्षक कार्य देख रहे थे वहां अब समस्या उत्पन्न होना स्वाभाविक बात है।



**कहते हैं डीईओ**

इस संबंध में बक्सर जिले के डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी ने कहा कि जिले के कई प्रखंडों में बीईओ के पद पूर्व से ही रिक्त हैं। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पद खाली रहने से काम काज प्रभावित होना स्वाभाविक है। हालांकि प्रभाव में चल रहे प्रखंडों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

## एक नजर

### वाह रे नगर परिषद के अधिकारी, सरकारी निर्देश को ठेंगा दिखा नदी में गिरवा रहे कचरा



मनमानी कर रहे हैं डुमरांव नगर परिषद के अधिकारी

**डुमरांव।** नियम को दरकिनार कर मनमानी करने में नगर परिषद का कोई जवाब नहीं है। मनमानी पूर्ण कार्य से एनजीटी के निर्देश का हवा निकल रहा है वहीं राज्य सरकार की महत्वकांक्षी जल जीवन हरियाली योजना पर भी संकट उत्पन्न हो गया है। सरकार का निर्देश है कि जल संचय वाले जगहों पर कूड़ा कचरा का डंपिंग नहीं करना है। कूड़ा कचरा से निकलने वाला केमिकल जहरीला तथा प्रदूषण बढ़ाने में सहायक माना जाता है। पानी का संबंध मानव जीवन और खेतों की सिंचाई से है। इसी चलते जल संचय वाली जगहों पर कूड़ा डंपिंग नहीं करने का सख्त हिदायत दिया गया है। डुमरांव नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार तमाम निर्देशों के बावजूद नया भोजपुर में नदी के तट पर बेखौफ होकर कूड़ा डंप करा रहा है।उसी कूड़ा के ढ़ेर से नदी के गर्भ को भी भरा जा रहा है। गुरुवार नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार के निर्देश पर जेसीबी के सहारे कूड़े के ढ़ेर को नदी के गर्भ में भरा गया। उससे चंद कदमों की दूरी पर राजा भोज का ऐतिहासिक किला स्थित है। कूड़ा कचरा का दुष्प्रभाव नदी के साथ किला के अस्तित्व को भी प्रभावित करेगा। उल्लेखनीय है कि ऐसे ही एक मामले में नगर परिषद को हाल ही में एनजीटी के निर्देश पर नगर के काव नदी में डंप किए कूड़ा को हटाना पड़ा था। कूड़ा डंपिंग से नया भोजपुर में नदी के तट पर राजा भोज का जर्जर हो चुका किला है। जिसे सरकार की तरफ से खुदाई कराने तथा पर्यटक स्थल का दर्जा देने की कार्य योजना तैयार है। उसी जगह पर कूड़ा डंपिंग होने से प्रदूषण तथा उस चलते किला को खतरा होने की आशंका जताई जा रही है। भोजपुर नदी का पानी का उपयोग खेतों की सिंचाई तथा मवेशियों के पीने का काम आता है। जिस चलते खतरा गंभीर है। इस सवाल पर गुस्से का इजहार करते हुए कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने कुछ भी बताने से इंकार करते हुए कहा किमीडिया के सवालों का जवाब देना मेरी मजबूरी नहीं है।

### सिमरी पुलिस ने 31 पीस शराब के साथ महिला को किया गिरफ्तार, कारोबारी पति फरार

**सिमरी।** सिमरी पुलिस ने स्थानीय बाजार से 31 पीस शराब के साथ एक महिला कारोबारी को गिरफ्तार किया है। हालांकि मुख्य कारोबारी महिला का पति पुलिस को चकमा दे फरार हो गया है। जानकारी के अनुसार स्थानीय पुलिस को सूचना मिली थी कि सिमरी बाजार निवासी विद्यासागर साह अवैध तरीके से शराब का कारोबार कर रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस ने उसके घर छापेमारी किया। इस दौरान उसके घर से 31 पीस शराब की शीशीया बरामद हुई। लेकिन विद्यासागर फरार हो गया था। पुलिस ने उसके पत्नी जोन्हिया देवी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सुनील निर्झर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि उत्पाद अधिनियम के तहत दोनों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। वैसे सूत्रों का कहना है कि पति की करतूतों की सजा उसकी पत्नी को मिला है। बहरहाल महिला कारोबारी को जेल भेजन के बाद पुलिस उसके पति के तलाश में जुट गई है।

### शहर में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से बढ़ा डेंगू और मलेरिया का खतरा, दहशत में आमजन

**डुमरांव।** नगर परिषद के उदासीन रवैया शहरवासियों पर भारी पड़ सकती है। बरसात के इस मौसम में शहर का बड़ा हिस्सा अभी भी जलजमाव पर चपेट में है। मौसम के अनुरूप मच्छरों के प्रभाव में वृद्धि होने लगा है। मच्छरों के प्रभाव से डेंगू मलेरिया जैसे घातक रोग का खतरा बढ़ गया है। स्थिति की गंभीरता को नगर परिषद हल्के में ले रहा है। शहर के किसी हिस्से में न तो फॉगिंग कराया जा रहा है और न ही जहरीले मच्छरों से निजात के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव हो रहा है। ऐसे में स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होते जा रही है। नगर का टेक्सटाइल कॉलोनी 12 महीना जलजमाव के चपेट में रहता है। बरसात में स्थिति और खराब हुई है। खिरौली के अलावे चाणक्य कॉलोनी नया थाना के पीछे पासवान टोली शिवपुरी सफाखाना रोड संत कॉलोनी सुमित्रा महिला कॉलेज आदि जगहों पर जलजमाव की स्थिति है। शिक्षक उपेंद्र पाठक का कहना है कि सुबह और शाम के समय में तो मच्छरों का प्रकोप और अधिक बढ़ जाता है। मच्छरों के काटने से मलेरिया के कई के सामने आ चुके हैं। शफाखाना रोड निवासी भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष शीला त्रिवेदी का कहना है की मच्छरों के बढ़ते प्रभाव से रहना मुश्किल होते जा रहा है। उनका कहना है कि फागिंग तथा कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के लिए नगर परिषद आगाह किया गया है। बावजूद नगर परिषद द्वारा अब तक कहीं भी फॉगिंग नहीं किया गया है। ऐसे में केशव टाइम्स मच्छरों के प्रभाव से होने वाले खतरे को देखते हुए आगाह करता है कि मच्छर रोधी उपायों का प्रयास अपने स्तर से करें। ताकि मच्छरों से होने वाले किसी भी तरह के संक्रमण से बच सकें।

## बक्सर को एक्सप्रेस-वे से जोड़ने पर भाजयुमो ने जताई खुशी

**केटी न्यूज/बक्सर**



भाजयुमो के जिलाध्यक्ष प्रियरंजन चौबे

भाजयुमो के जिलाध्यक्ष प्रिय रंजन चौबे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को बक्सर सहित बिहार वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए उत्तर प्रदेश के लखनऊ से गाजीपुर तक बन रहे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से बक्सर को भी जोड़ने पर धन्यवाद दिया है। उन्होंने सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ ही बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे सहित सभी क्षेत्रीय सांसदों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ से गाजीपुर तक बन रहे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के बक्सर से जुड़ जाने से बिहारवासियों को कम समय में दिल्ली पहुंचने के लिए एक सुगम रास्ता मिल जाएगा। भाजपा काल में हाई-वे, एक्सप्रेस-वे तथा रेलवे की योजनाएं जिस तूफानी रफ्तार से पूरी हो रही हैं। उससे दुनिया के बड़े-बड़े देश भी हैरान हैं। हाइवे और रेलवे नेटवर्क के विस्तार में क्रांतिकारी काम हुआ है। एक्सप्रेस वे के दैनिक निर्माण में विश्व रिकॉर्ड बन रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनाए गए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को लखनऊ से बिहार तक जोड़ेगा। जल्द ही इस प्रोजेक्ट का काम शुरू होगा, जिसकी समय अवधि 2 वर्ष रखी गई है।

## बिहिया में विषैले सांप के डंसने से घर में सो रही इंटर की छात्रा की मौत

**आरा।** जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के सुंदरपुर बरजा गांव में गुरुवार की रात घर में सो रही इंटर की छात्रा की सर्पदंश से मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। मृत छात्रा सुंदरपुर बरजा गांव निवासी स्व. श्री पासवान की 16 वर्षीय पुत्री गुंजा कुमारी थी। उसके चचेरे भाई अनिल पासवान ने बताया कि वह गुरुवार की रात अपनी बहन के साथ घर में चौकी पर सो रही थी। उसी दौरान उसे लगा कि उसके शरीर पर सांप चढ़ गया है। इस पर वह सांप को हटाने लगे, तभी सर्प ने उसे डंस लिया। उसके बाद उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये शव लेकर चले गए। बताया जाता है कि छात्रा अपनी छह बहनों में सबसे छोटी थी।


## सिस्टम पर सवाल... मुरार हाई स्कूल में लगाए गए लाखों रुपए के कम्प्यूटर बन गए कबाड़

### लाखों खर्च के बाद भी तकनीकी शिक्षा के लिए भटक रहे विद्यार्थी

#### सरकार के डिजिटल स्किल डेवलपमेंट के सपनों पर जमकर कुठाराघात

**केटी न्यूज/चौगाई**

सरकार द्वारा डिजिटल स्कील डेवलपमेंट के तहत करोड़ों रुपये की राशि खर्च कर अनुमंडल के सभी उच्च माध्यमिक स्कूलों में कम्प्यूटर सेंटर की स्थापना की गई है। परंतु इन कंप्यूटरों का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। मुरार हाई स्कूल में लाखों रुपये खर्च कर लगाए गए कंप्यूटर जंग खा रहे हैं। कंप्यूटर शिक्षा पर काम नहीं होने से सरकार के डिजिटल भारत के सपने को भी आघात लग रहा है। शुरूआती दौर में ही अनुमंडल के सिमरी, डुमरांव, नावानगर एवं ब्रह्मपुर प्रखंड के हाई स्कूलों में कम्प्यूटर लगाए गए थे। ताकि, नामांकित छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के लिए दर-दर की ठोकरे नहीं खानी पड़े। इसके बाद धीरे-धीरे अनुमंडल के प्रत्येक विद्यालयों में लाखों की लागत से कम्प्यूटर सेंटरों की स्थापना की गई। एक आंकड़े के मुताबिक करोड़ों रुपए की लागत से बेलड्रॉन व अन्य सहयोगी कंपनियों के संचालन में आधुनिक मॉडल के कम्प्यूटर लगाए गए। छात्रों के लिए कारगर योजना पर सरकार एवं सरकारी हुक्मरानों की उदासीनता के कारण ज्यादातर स्कूलों में लाखों लागत से लगे कम्प्यूटर अब शोभा की वस्तु बन कर रह गई हैं। पिछले अप्रैल माह में मुरार हाई स्कूल में जांच करने के लिए पहुंचे सीनियर डिप्टी कलेक्टर को यहां कई चौकाने वाले तथ्य उभरकर सामने आए। कंप्यूटर कक्ष में रखे गए कुल ग्यारह कंप्यूटरों पर धूल



स्कूल में धूल फांक रहे कंप्यूटर

की मोटी परत पड़ी हुई थी। स्कूल के हेडमास्टर सुशील कुमार ने जवाब दिया कि पिछले 7-8 साल से शिक्षकों के अभाव में नामांकित छात्र छात्राएं आज तक कम्प्यूटर की शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। जानकारों की मानें तो इलाके के ज्यादातर स्कूलों में कम्प्यूटर शिक्षक नहीं हैं। स्वाभाविक बात है कि जब शिक्षक ही नहीं है तो छात्रों को पढाएगा कौन? ऐसी स्थिति इलाके के ज्यादातर विद्यालयों की है, जहां लाखों रुपए की लागत से कंप्यूटर लगा दिए गए हैं और शिक्षक के अभाव में बच्चे तकनीकी शिक्षा से वंचित है।

## दो दिवसीय कृषि मेला का डीएम ने किया आगाज, लगा किसानों का जमघट

- किसानों द्वारा लाए गए उत्पादों को देख दंग हो गए डीएम
- कई तरह के उन्नत फल, फूल व सब्जियों के पौधों के लगे हैं स्टाल

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर के ऐतिहासिक किला मैदान में दो दिवसीय कृषि मेला का आगाज शुक्रवार को किया गया। कृषि विभाग व आत्मा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कृषि मेला में किसानों द्वारा फल, फूल तथा सब्जियों के एक से बढ़कर एक उन्नत उत्पादों की प्रदर्शनी लगा उपस्थित अधिकारियों तथा किसानों को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। इसके पहले इस मेले का उदघाटन डीएम अमन समीर, डीडीसी महेंद्र पाल और कृषि पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। मेले में कृषि उत्पादों के प्रदर्शनी के साथ-साथ किसान समागम का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया थ। 14 से 15 अक्टूबर तक चलने वाले इस किसान मेला में किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ खेती के बेहतर और आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी दे उत्पादन बढ़ाने तथा किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मेले का आयोजन किया गया है। उद्घाटन के बाद डीएम तथा अन्य अधिकारियों ने मेला परिसर का भ्रमण भी किया और विभिन्न स्टालों पर जाकर प्रोडक्ट के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान एक से बढ़कर एक फल फूल सब्जी की बेजोड़ प्रदर्शनी उत्पादकों ने लगाई जिसे देखकर सभी दंग थे तथा किसानों की सराहना कर रहे थे। पहले दिन मेले में इलाहाबादी और एप्पल अमरूद के अलावे गुजराती सहजन, मूंगफली, कद्दू, पपीता और अन्य सब्जियों की उन्नत किस्म की चर्चा रही।

**किसानों को दिया गया संदेश:** कृषि मेला के अलग-अलग स्टालों के माध्यम से किसानों को कई संदेश भी दिया गया। ताकी भविष्य में किसानों को इसका फायदा मिल सके। खासकर आधुनिक तकनीक के बारे में किसानों को जागरूक करने और जानकारी देने के लिए भी किसान मेला में विशेष स्टॉल लगाया गया था। जहा पूरे दिन कृषि विभाग के कर्मी किसानों तथा मेला घुमने आने वालों को अलग अलग उत्पादों की विशेषताओं से अवगत करा रहे थे।

**किसानों को लाभ पहुंचाने के उदेश्य से आयोजित किया गया है मेला-डीएम:** इस संबंध में डीएम अमन समीर ने कहा कि इस कृषि मेले का आयोजन किसानों नई तकनीकी की जानकारी दे उनकी पैदावार तथा मुनाफा बढ़ाने के उदेश्य से किया गया है। डीएम ने कहा कि इस मेले के माध्यम से जैविक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास भी किया जा रहा है। जिससे किसान रसायनिक उर्वरक का प्रयोग छोड़ जैविक खेती की ओर मुखातिब हो पर्यावरण संरक्षण में सहयोगी बने।

## बस और बाइक में हुई जोरदार टक्कर तीन घायल

**जहानाबाद।** जहानाबाद घोसी सड़क पर कडरुआ पुल के समीप स्कूल बस एवं मोटरसाइकिल में टक्कर तीन व्यक्ति घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि तीनों व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर योगेंद्र गिरीबन बिंद जागेश्वर बिंद जहानाबाद की तरफ से अपने घर गोलकपुर जा रहे था। तभी घोसी की तरफ से तेज रफ्तार से स्कूल बस आ रही थी। स्कूल बस ने मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मार दिया जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार तीनों व्यक्ति सड़क पर गिर गया जिसमें एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना के बाद स्कूल बस के चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।



भागवत गीता

मनुष्य को परिणाम की चिंता किए बिना लोभ- लालच और निस्वार्थ और निष्पक्ष होकर अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।



## छोटी खबरें

### पारिवारिक विवाद से तंग आकर फंदे से झूला अधेड़

**गाजीपुर।** परिवारिक कलह से तंग आकर एक अधेड़ ने गांव के बाहर बगीचे में फांसी लगा ली। घटना शुक्रवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के बारा गांव में हुई। उसने गांव के बाहर वीरवर राय पोखरा के पास स्थित बगीचा में आम के पेड़ से लटककर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार युवक की पहुंचान गांव दलित बस्ती निवासी अक्षय लाल राम पुत्र पुर्नवासी राम (45) के रूप हुई। वह काफी दिनों से पारिवारिक कलह से परेशान था। दो दिन पूर्व घर में हुए विवाद को के चलते घर से बिना बताए गायब हो गए थे। परिवार के लोगों द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह शौच के लिए जा रहे लोगों में पेड़ से लटकते हुए शव को देख सूचना दी। इस घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतक लूंगी और शर्ट पहने हुए था तथा रस्सी के सहारे गर्दन में फंदा लगाकर पेड़ से लटका था। मृतक के पुत्र अभिषेक राम ने पुलिस को घटना की लिखित तहरीर दी जिसके आधार पर पंचनामा भरा गया।

### बाढ़ के पानी में डूबने से युवक की मौत

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के बहेरा पार वार्ड नंबर दस में बाढ़ के पानी से एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार के दोपहर बारह बजे की है। घटना के विषय में बताया जा रहा है कि छोटक राजभर उर्फ छद्दू 45 वर्ष पुत्र स्वर्गीय शंकर राजभर मनियर बाजार से अपने घर जा रहा था कि रास्ते में बाढ़ का पानी था जिसमें पैर फिसलने से पानी में चले गया। आसपास के लोगों ने उन्हें पानी से बाहर निकाला तथा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी रूबी देवी की मौत करीब कुछ वर्ष पूर्व हो गई थी। मृतक के चार पुत्री पूजा 20 वर्ष, सुगी 17 वर्ष ,अंशा 15 वर्ष व बबली 12 वर्ष तथा दो पुत्र प्रमोद15 वर्ष व विनोद 22 वर्ष का है। पूजा की शादी हो चुकी है। मृतक स्कूल वाहन चलाता था। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भाजपा नेता रविंद्र कुमार हट्टी रात में डॉक्टर न रहने को लेकर थोड़ी देर के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर पर धरने पर बैठ गए ।आरोप है कि रात में कोई मरीज आता है तो यहां डॉक्टर नहीं रहते हैं।

# गाजीपुर के लाल का कमाल, आकाश ने कुवैत में 19.37 मीटर गोला फेंक जीता स्वर्ण


**केटी न्यूज/गाजीपुर**

13 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक कुवैत में चौथी यूथ एशियन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शुक्रवार को गाजीपुर के देवकली निवासी आकाश यादव ने 19.37 मीटर गोला फेंक कर इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। आकाश द्वारा स्वर्ण पदक जीतने की खबर मिलते ही गांव में तथा शुभचिंतकों में हर्ष है। आकाश वर्तमान में स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट पुणे में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। आकाश ने इस उपलब्धि में अपने पिता आनंद



जीत के बाद तिरंगा लहराए आकाश

यादव (भूतपूर्व एथलीट ), भारतीय एथलेटिक्स संघ, उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ, गाजीपुर एथलेटिक्स संघ एवं कोच राकेश



रावत का विशेष योगदान बताया है। आकाश यादव बचपन में मां का प्यार

- चौथी यूथ एशियन एथलेटिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

आकाश से छिन गया लेकिन आकाश ने हार नहीं मानी और खेल के क्षेत्र में हर रोज नया मुकाम स्थापित कर रहे हैंद्य

उच्चतम प्लेटफार्म प्रदान करना

डॉ० रूद्र पाल यादव ने बताया कि जिले के सभी एथलीटों को उच्चतम प्लेटफार्म प्रदान करना हम सभी की प्राथमिकता है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सदस्य सिद्धार्थ कृष्णा, टेक्निकल कमेटी के चेयरमैन एस के यादव, राजन भाटिया

यूपी एथलेटिक्स संघ ने अकाश को ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के महासचिव पीके श्रीवास्तव ने आकाश यादव की इस उपलब्धि पर उनको ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाइयां दी। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गाजीपुर एथलेटिक्स संघ के कार्य वाहक सचिव डॉ. रूद्रपाल यादव ने बताया कि गाजीपुर एथलेटिक संघ के लिए यह पहला अवसर है। जब कोई एथलीट अंडर 18 यूथ एशियन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गाजीपुर जिले के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त किया किया है।

गाजीपुर एथलेटिक संघ के सदस्यों ने भी दी बधाई

गाजीपुर एथलेटिक संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह, गाजीपुर ओलंपिक संघ के सचिव अमित राय, संघ के उपाध्यक्ष दीनानाथ, कोषाध्यक्ष दिवाकर यादव, कमलेश यादव, संयुक्त सचिव, नागेंद्र डॉ० अनिल कुमार विश्वकर्मा काशीनाथ, रामधार, सत्यम, अशोक कुमार कुशवाहा, आकाश बरनवाल, नरेन्द्र कुमार मोर्य ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नदी में समा गए कई घर, 60 से अधिक लोगों के आशियाने पर मंडराया खतरा

## बैरिया सुरेमनपुर दियरांचल के गोपालनगर टाड़ी के पास फिर कटान हुआ तेज, पलायन कर रहे लोग

- दो महीनापूर्व कटान में कई लोगों का घर नदी में समा गया था

**केटी न्यूज/ बलिया**

गुरुवार की शाम सरयू नदी के तल्ख तेवर से तटवर्तीय लोगों में अफरातफरी मच गई। बैरिया सुरेमनपुर दियरांचल के गोपालनगर टाड़ी के पास एक बार फिर कटान तेज हो गया है। नदी ने रविंद्र यादव, राजेंद्र यादव के रिहायशी झोपड़ीनुमा मकान को अपनी आगोश में ले लिया। एक बार फिर से गांव के लोग भयभीत होकर पलायन करने लगे हैं। ज्ञात हो कि लगभग दो महीना पहले कटान में यहां के कई लोगों का घर नदी में समा गया था। उस समय एसडीएम आत्रेय मिश्र के निर्देश पर तहसीलदार ने गांव खाली करने के



नदी में कटान तेज होने के बाद स्थिति का जायजा लेते अधिकारी।

लिए घरों पर नोटिस चस्पा करा दिया था। नदी में पानी कम हो जाने के चलते कटान का सिलसिला रुक रुक गया।

**तीन चार दिनों से नदी उफान होने से कटान हुआ तेज :** पिछले तीन-चार दिनों से नदी फिर से उफान पर है और कटान तेज हो गया है। फिलहाल 60 से अधिक परिवारों का आशियाना कटान के जद में है। इसमें सुरेंद्र यादव, लाल पति यादव, जगजीवन यादव, आदित्य यादव, लालजी यादव, रमाशंकर यादव, राजाराम यादव, श्रीराम यादव, श्रीभगवान यादव मैनेजर यादव आदि शामिल हैं।

### ताल में गिर रहा नदी का पानी, गेंहू की बुआई पर संकट

**बिल्थरारोड।** हल्दीरामपुर रेगुलेटर का फाटक ठीक से बंद नहीं होने के चलते उल्टे सरयू नदी का पानी कोइली मोहान ताल में गिर रहा है। इससे नदी का पानी ताल के किनारे आसपास बसे दर्जनों गावों के खेतों की ओर पहुंच गया है और फसल बबार्दी की संभावना बढ़ गई है। चार दिन पहले सरयू नदी का जलस्तर नीचे होने के चलते रेगुलेटर का फाटक खुला हुआ था। रविवार को अचानक जलस्तर में वृद्धि हो गई और नदी का पानी उल्टे कोइली मोहान ताल में गिरने लगा। रात में ड्यूटी पर लगे कर्मचारी को इसकी जानकारी सुबह हुई तो रेगुलेटर का फाटक गिराकर बंद करने का प्रयास किया लेकिन पानी के दबाव के चलते पूरा फाटक ठीक ढंग से बंद नहीं हो पाया। इस दौरान फाटक भी टेढ़ा हो गया, जिससे नदी का पानी ताल में गिर रहा है। इससे ताल के आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों एकड़ खेत जलमग्न हो गए। किसानों को चिंता सताने लगी है कि पूर्व में सूखा के कारण धान की फसल बर्बाद हो गई। अब खेतों में पानी भर जाने से गेहूं की खेती भी बाधित हो जाएगी। रेगुलेटर से पानी का रिसाव बंद नहीं किया गया तो स्थिति बिगड़ सकती है।

**कहते है एसडीएम**

एसडीएम आत्रेय मिश्र का कहना है कि गोपालनगर टाड़ी में बुधवार की रात से कटान तेज होने की सूचना मिली है। मौके पर लेखपाल व कानूनगो को भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के साथ ही वहां के लिए जरूरी कार्यवाही की जाएगी। राहत व बचाव की पर्याप्त व्यवस्था दी जाएगी।

## एक नजर

### अवैध बंदूक के साथ 20 हजार के इनामी शराब तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गाजीपुर।** स्वाट टीम व थाना करंडा पुलिस की संयुक्त टीम ने कुख्यात शराब माफिया को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी निलेश यादव उर्फ विधायक के ऊपर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित था। इस पर करंडा और शादियाबाद थाने में पहले से भी कई मुकदमे पंजीकृत हैं। यह बदमाश काफी दिनों से वांछित चल रहा था और इसकी तलाश में कई टीमें लगाई थी। एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक संपूर्णानंद राय ने बताया कि क्षेत्र के चोचकपुर तिराहा से शराब माफिया को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया है। बीते अगस्त माह में करंडा थाना क्षेत्र में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ था। उस दौरान इस अवैध कारोबार में लिप्त निलेश यादव उर्फ विधायक भागने में सफल रहा। पुलिस इसके अन्य साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। निलेश यादव उर्फ विधायक के ऊपर 20हजार का इनाम भी घोषित किया गया। थाने लाकर पूछताछ के बाद संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

### नानी के श्राद्धक्रम में शामिल होने आए युवक की करंट लगने से मौत, घर में मचा कोहराम

**गाजीपुर।** गहमर कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव में नानी की तेरही (श्राद्ध भोज) में आए युवक की हाइटेंशन तार की चपेट में आने से मौत हो गई। इकलौते पुत्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूत्रों कि अनुसार महना गांव निवासी शशिकांत उपाध्याय का इकलौता पुत्र टिंकल उपाध्याय उर्फ अभिषेक उपाध्याय (19) करहिया गांव नानी के श्राद्धभोज में सम्मिलित होने के लिए आया था। बीते 11 अक्टूबर को नानी सुदामी देवी की तेरही संपन्न हो गई थी। इसके खत्म होने पर ननिहाल में 84 का भोज ( 84 गांव के ब्राह्मणों) होना था। लोगों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए एक युवक के साथ अभिषेक दिशा सूचक फ्लैक्स लगाने के लिए बांस लेकर जा रहा था। रास्ते में ऊपर से गुजरे हाईटेंशन तार से हरा बांस सटते ही वह विद्युत करेंट की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। आनन- फानन में लोग उसे उपचार के लिए भदौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृत युवक दो बहनों में इकलौता था। पिता फौज से सेवानिवृत्त के बाद बीएचयू में नौकरी करते है। मां राजकुमारी देवी गृहिणी है। इकलौते पुत्र के मौत से परिवार सहित अन्य लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस को सूचना दिए बिना परिजन शव लेकर घर चले गए।

### विवाहिता का कमरे में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के मटुकपुर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत शव कमरे में पड़ा मिला। मायके पक्ष लोगों ने पति एवं ननद के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामले की छानबीन शुरू कर दी। बिरनो थाना क्षेत्र के धनेशपुर नानकर गांव निवासी मीना (36) का विवाह वर्ष 2001 में मटुकपुर गांव निवासी राजेश राम के साथ हुआ थी। विवाहिता के भाई अखिलेश राम ने पुलिस को बताया कि बहन के बच्चे विशाल, प्रियांशु, दीपांशु रिश्तेदारों के यहां रहकर पढ़ते हैं। रात में बहन ने फोन कर के बताया कि पति राजेश झगड़ा कर रहा है और मोबाइल तोड़ दिया। उसने बताया कि काफी दिनों से ससुराल के लोग प्रताड़ित कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाने आई। इधर मायके पक्ष के लोग थाने पहुंच गए और विवाहिता का शव देखकर दहाड़े मारकर रोने- बिलखने लगे।

### सात साल के बाद कोर्ट ने दुष्कर्मी को 20 साल कारावास और 45 हजार जुर्माने की सजा सुनाई

**गाजीपुर।** दुष्कर्मी के आरोपी को कोर्ट ने साल साल की कारावास व 45 हजार हजार रूपए की जुमार्ना की सजा सुनाई है। ज्ञात हो कि सात साल पहले परीक्षा देने गई किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले की अंतिम सुनवाई के बाद गुरुवार को फैसला आया। सबूतों और गवाहों के आधार पर पॉक्सो कोर्ट के विशेष जज राकेश कुमार ने आरोपी विकास बिंद को दोषी करार दिया। थाना सुहवल गांव के एक गांव में सन 2015 में एक किशोरी के साथ दुस्साहसिक वारदात को गांव के ही एक युवक ने अंजाम दिया। पीड़िता के पिता ने थाना सुहवल में इसकी तहरीर दी और न्याय की गुहार लगाई। पुलिस को पीड़ित ने बताया कि 18 मार्च 2015 को उसकी नाबालिक बेटी परीक्षा देने सुबह 8 बजे घर से गई थी लेकिन वापस नहीं आई। स्कूल में पता करने पर मालूम हुआ कि उसकी लड़की पहली पाली की परीक्षा में शामिल हुई हैं। लेकिन दूसरी पाली की परीक्षा में शामिल नहीं हुई। इसके बाद देर रात तक तलाश किया तो जानकारी मिली कि उसकी बेटी को गांव का विकास बिंद अपने साथ धमकाते हुए ले गया। उसके साथ जाते हुए देखा गया लेकिन वह मिल नहीं रही। सूचना के आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ और पुलिस ने विवेचना शुरू की। दौरान विवेचना पुलिस ने पीडिता को बरामद किया और आरोपी विकास बिंद को जेल भेज दिया। उसके बाद पीड़िता डाक्टरी कराने के उपरांत न्यायालय में उसका बयान 164 में दर्ज कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। दौरान विचारण अभियोजन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक अनुज राय ने कुल 6 गवाहों को पेश किया। सभी गवाहों ने अपना अपना बयान न्यायालय में दर्ज कराया।

### ग्रामीणों ने नाली व सड़क निर्माण के लिए किया प्रदर्शन

**बलिया।** रसड़ा क्षेत्र के रामपुर चौहान बस्ती के आक्रोशित ग्रामीणों ने नाली एवं सड़क निर्माण का कार्य शुरू न होने पर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर कीचड़युक्त सड़क पर धान की रोपाई कर विरोध व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि चौहान बस्ती में नाली न होने से घरों का पानी सड़क पर गिरता है और गड्ढायुक्त सड़क पर जलभराव के कारण ग्रामीणों का आना जाना दुश्वार होता है। आए दिन लोग सड़क पर गिरकर चुटहिल होते रहते हैं।

## पीईटी परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक



- बोली डीएम-हर हाल में नकलविहीन होनी चाहिए परीक्षा-

**केटी न्यूज/ बलिया**

शुक्रवार को बलिया पीईटी परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने गंगा बहुद्देश्यीय सभागार में बैठक की। बैठक का उद्देश्य परीक्षा को सकुशल और नकलविहीन संपन्न कराना है। बैठक के दौरान उन्होंने परीक्षा व्यवस्थापको और शिक्षकगणों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा की सुचिता का विशेष ध्यान रखें। परीक्षा पूरी तरह से नकलविहीन होनी चाहिए। परीक्षा नौ केंद्रों में हो रही है जो नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। बलिया में लगभग बीस हजार परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। जो न केवल बलिया से बल्कि अलग-अलग जनपदों से आएंगे। उनकी सुरक्षा और परीक्षा के समय कोई दिक्कत ना आए इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने परीक्षा व्यवस्थापको को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की गलती स्वीकार नहीं की जाएगी। नियमों का पालन करें जरा सी गलती होने पर बचने की कोई गुंजाइश नहीं होगी। बैठक में सीआरओ अनिल कुमार अग्निहोत्री, डीआईओएस और परीक्षा व्यवस्थापक तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।

**परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान नही होनी चाहिए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसः एसपी**

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर ने सभी शिक्षकगणों और व्यवस्थापको को बताया कि परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। साथ ही महिला परीक्षार्थियों की चेकिंग के लिए महिला कांस्टेबल और विद्यालय की ओर से महिला स्टाफ की व्यवस्था होगी।

## प्रेम-प्रसंग का विरोध करना किशोर को पड़ा मंहगा, घर से बुलाकर रेत दिया गला

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

प्रेम प्रसंग में रोड़ा बनने पर किशोर का गला रेत हत्या के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना बिरनो थाना क्षेत्र के मानपुर मंगई नदी के पास हुई है। जिसमें गंभीर रूप से घायल किशोर का उपचार वाराणसी के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। पुलिस ने देर रात घायल के पिता की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया। बृहस्पतिवार को नामजद दोनों आरोपियों को उनके घर से धर-दबोचा। साथ ही घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक प्रेम-प्रसंग में रोड़ा बनने पर किशोर को जान से मारने की नियत से आरोपियों ने उसकी गर्दन चाकू से रेत दी थी। सूत्रों कि अनुसार कासिमाबाद कोतवाली के सिदउत गांव निवासी रवि पासवान उर्फ छोटू (15) को कुछ युवक घर से बुलाकर किसी काम से बाइक पर बैठाकर 12 अक्टूबर की शाम कहीं ले गए थे। देर शाम रवि गंभीर रूप से



घायलावस्था में मानपुर मंगई नदी के पास पड़ा मिला था। जंगीपुर पुलिस घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची और बिरनो पुलिस के साथ परिजनों को घटना की सूचना दी थी। जिला अस्पताल पहुंचे बिरनो थानाध्यक्ष ने घायल का बयान दर्ज किया। वहीं घायल के पिता राजकुमार पासवान ने दो के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। गंभीर रूप से घायल किशोर की हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने देर रात वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इधर घटना के दूसरे दिन सुबह बिरनो पुलिस टीम ने कासिमाबाद कोतवाली के सोनबरसा गांव से आरोपी विजय प्रजापति और सिदउत गांव से ही दूसरे किशोर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष शीतल चंद्र ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी विजय प्रजापति का किसी से प्रेम प्रसंग का मामला था, जिसका रवि विरोध करता था। इसको लेकर ही आरोपी विजय प्रजापति ने किशोर आरोपी के साथ मिलकर किशोर रवि पासवान को जान से मारने की नियत से चाकू से गला रेतकर वारदात को अंजाम दिया था।

# चेयरमैन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू

- बलिया नगर पालिका का मामला
- भ्रष्टाचार के मामले में पूईओ व एकाउटेंट निलंबित
- तीन सदस्यीय कमेटी खंगाल रही घोटाले

**केटी न्यूज/ बलिया**

बलिया नगर पालिका में हुए घोटालों से पर्दा उठेगा। जिसको लेकर चेयरमैन अजय कुमार पर स्वच्छ भारत मिशन योजना में भ्रष्टाचार और अनियमित भुगतान के आरोप लगने के बाद जिलाधिकारी



नप कार्यालय बलिया व चेयरमैन अजय कुमार

सौम्या अग्रवाल ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी नगर पालिका परिषद में दबे भ्रष्टाचार की पोल खोलने का काम करेगी। हर दस्तावेज खंगाले जाएंगे साथ ही नगर में हुए कार्यों व भुगतान की जांच की जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सदर प्रशांत नायक को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके साथ लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता व बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त व लेखाधिकारी कमेटी के सदस्य हैं।

ज्ञात हो कि सभासदों ने आरोप लगाए हैं कि पूरा शहर कुड्डा से पटा है। लेकिन कार्यदायी एजेंसी आर्यन ग्रुपको लाखों रुपये का अनियमित भुगतान किया गया है। शिकायतकर्ता सभासद संजय यादव और संजीव कुमार डंपू का आरोप है कि प्रकरण को दबा दिया गया औ? करोड़ों का घोटाला किया गया। इससे पहले साल 2019 में स्थानीय निकाय निदेशालय की पूर्व निर्देशक डॉक्टर काजल ने चेयरमैन का वित्तीय अधिकारी सेज करने के लिए रिपोर्ट तलब की थी। पिछले दिनों प्रशासन ने मामले से जुड़ी पत्रावलियों को सील कर दिया था। अब सील तोड़कर संबंधित पत्रावलियां निकाल ली गई हैं। अब अधिशासी अधिकारी सत्यप्रकाश सिंह को फाइलें उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं। इस संबंध में एसडीएम सदर ने उन्हें पत्र लिखा है। बता दें कि भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व ईओ दिनेश विश्वकर्मा और एकाउंटेंट राघव मिश्र को निलंबित किया जा चुका है। अनियमित भुगतान की फाइल में चेयरमैन के भी हस्ताक्षर हैं, कार्रवाई तेज कर दी है। चेयरमैन अजय कुमार समाजसेवी का पक्ष लेने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन पर कहा कि वह व्यस्त हैं।

### उप्र गौरव सम्मान के लिए ऑफलाइन या ऑनलाइन आवेदन करने का आज भर मौका

**बलिया।** जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने बताया है कि उप्र गौरव सम्मान का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के ऐसे ख्यातिलब्ध महानुभावों, जिन्होंने विभिन्न विधाओं एवं कार्य क्षेत्रों यथा कला व संस्कृति, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आदि में अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्टता के आयाम स्थापित करते हुए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल किया है, को उप्र गौरव सम्मान से अलंकृत करना है। उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कतिपय निर्देश देते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 मे उप्र गौरव सम्मान हेतु 15 अक्टूबर तक पात्र महानुभावों के नामांकन निर्धारित प्रारूप पर ऑनलाइन/ऑफलाइन प्रस्तावित करने की अपेक्षा की गई है।

CMYK